**Seventeenth Loksabha**

an>

Title: Regarding need to continue the services of Poshan Sakhi in Jharkhand.

**श्री सुनील कुमार सिंह (चतरा):** सभापति महोदय, केन्द्र सरकार द्वारा प्रायोजित Umbrella ICDS व अन्तर्गत झारखण्ड राज्य में वर्ष 2016 में राज्य के छह जिलों धनबाद, गिरिडीह, दुमका, गोड्डा, कोडरमा अ चतरा में 10388 पोषण सखी नियुक्त की गई थीं। राज्य में बच्चों को कुपोषण से मुक्त करने के लिए लग और ईमानदारी के साथ विगत छः साल से काम कर रही थी, जिसके परिणामस्वरूप कुपोषण के मामलों कमी आई है। कारोनाकाल में भी पोषण सखियों द्वारा सराहनीय काम किया गया। इन पोषण सखियों व वेतन के रूप में मात्र 3000/- महीना की दर से मानदेय दिया जाता है। यह मानदेय भी कई महीनों त लम्बित रहता है। झारखण्ड की वर्तमान सरकार ने 25 मार्च, 2022 को एक आदेश जारी करते हुए इन छ जिलों की सभी 10388 पोषण सखियों की सेवाएं 01 अप्रैल 2022 से समाप्त कर दी हैं । झारखण्ड सरक द्वारा पोषण सखियों को बेरोजगार कर दिया गया। मात्र 100 रूपये प्रतिदिन मानदेय पर काम करने वा पोषण सखियां 6 साल तक काम करने के बाद अब कहां पर जाएंगी? इनकी पढ़ाई व महत्वपूर्ण 6 साल राज की सेवा में लगा दी है। राज्य को कुपोषण व कोरोना से बचाने में अपना भरपूर सहयोग करने के बाद अब पोषण सखियां बेरोजगार हैं।

मेरा आपके माध्यम से केन्द्र सरकार व राज्य सरकार से मांग है कि झारखण्ड राज्य के छः जि धनबाद, गिरिडीह, दुमका, गोड्डा, कोडरमा और चतरा में 10388 पोषण सखी की सेवाएं स्थायी रूप से जा रखने के निर्देश दें। पोषण सखियों के लम्बित मानदेय का भुगतान तत्काल किया जाए।